# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com

सिवनी-मालवा ● पिपरिया ● सोहागपुर ● मुलताई ● सारनी ● आमला ● टिमरनी ● खिरकिया

भोपाल 18 मार्च 2026


## न्यूज कार्नर

### गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर काव्य गोष्ठी आज

**जागरण सोहागपुर।** नव संवत्सर गुड़ी पड़वा चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर पलकमती साहित्य परिषद के बैनर तले आज शाम 6 बजे से कवि सौरभ सोनी के पलाश परिसर स्थित निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन रखा गया है। परिषद की ओर से प्रबुद्ध दुबे ने बताया कि गुड़ी पड़वा के उपलक्ष्य में बीते वर्षों में भी संगठन द्वारा गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। श्री सोनी ने समस्त कवियों एवं क्षेत्र के साहित्य मनीषियों से गोष्ठी कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है।

### अमानक पालीथिन के उपयोग पर किया जुर्माना

**जागरम नर्मदापुरम।** नगर में अमानक पालीथिन प्रतिबंधित होने के बावजूद उपयोग कर रहे सब्जी, फल विक्रेताओं पर नगरपालिका द्वारा कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को देर शाम करीब 10 ठेले वालों पर कार्रवाई कर 1100 रुपए का जुर्माना किया गया। प्रभारी अधिकारी स्वच्छता एवं उपयंत्री दीक्षा तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर प्रतिबंधित पालीथिन का उपयोग करने वालों को समझाइश दी जा रही है। साथ ही उन्हें पालीथिन से होने वाले पर्यावरण संबंधी नुकसान की भी जानकारी दी जा रही है। इसके बावजूद नहीं मानने वालों पर जुर्माने की जा रही है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नगर के समस्त फल विक्रेता, सब्जी विक्रेता सहित अन्य सामग्री विक्रेताओं से आग्रह किया है कि वे नगर हित में अमानक पालीथिन का उपयोग बंद कर दें। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है बल्कि यह मानव जीवन के लिए भी यह घातक है।

### एसडीएम ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

**जागरण सोहागपुर।** एसडीएम प्रियंका भलावी ने मंगलवार को सेमरी हरचंद के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीएमओ रेखा सिंह गौर ने बताया कि तहसील अंतर्गत अभी तक 90 एचपीव्ही वेक्सिनेशन हो चुके हैं। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहागपुर में 40, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरी हरचंद में 20 तथा स्वास्थ्य केंद्र शोभापुर में 35 वेक्सिनेशन शामिल हैं। बताया जा रहा है कि एचपीव्ही वेक्सिनेशन की प्रगति के लिए एसडीएम ने विगत 16 मार्च को जनपद सभा कक्ष में बैठक आहूत कर बीएमओ को निर्देशित किया था।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान 97 आवेदकों की समस्याओं का किया समाधान

# आवेदक को एक दिन में नकल की प्रतिलिपि उपलब्ध कराने दिए निर्देश

**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने आवेदकों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उन्हें अन्य आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु समझाइश भी दी। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, डिप्टी कलेक्टर डॉ बबीता राठौर, एसडीएम जय सोलंकी सहित अन्य जिलाधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने इस दौरान पूर्व में लंबित जनसुनवाई प्रकरणों की भी समीक्षा की साथ ही 97 आवेदकों की समस्याओं का समाधान करते हुए अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान इटारसी तहसील निवासी राहुल कुमार कटारे द्वारा नकल की सत्यापित प्रतिलिपि प्राप्त न होने की समस्या सामने आई। इस पर कलेक्टर ने तत्काल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इटारसी एसडीएम को निर्देशित किया कि आवेदक को एक दिवस के भीतर चाही गई नकल की सत्यापित प्रतिलिपि उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मामले की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन देने के बावजूद आवेदक को समय पर प्रतिलिपि क्यों नहीं दी गई। जांच उपरांत विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।



वहीं पिपरिया निवासी गुलाब सिंह कहार द्वारा समयमान वेतनमान का लाभ न मिलने संबंधी आवेदन पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए स्थापना शाखा प्रभारी को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर शीघ्र ही आवेदक को समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए। ग्राम मनवाड़ा निवासी भारती अहिरवार द्वारा मातृत्व वंदना योजना का लाभ प्राप्त न होने की समस्या रखी गई। इस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि आवेदन की स्थिति की जांच कर नियमानुसार हितग्राही को योजना का लाभ दिलाया जाए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान ग्राम बैहराखेड़ी निवासी राम मोहन मालवीय ने किसान सम्मान निधि का लाभ प्रदाय किये जाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सम्बंधित अधिकारी को नियमानुसार लाभ प्रदाय करने के लिए निर्देशित किया। एक अन्य मामले में ग्राम शोभापुर निवासी काशीबाई ने वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत सोहागपुर को उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया।

### बुकिंग के बाद सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत पहुंची जनसुनवाई में

मंगलवार को सिवनी मालवा में आयोजित तहसील स्तरीय जनसुनवाई में एक आवेदक बुकिंग होने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत लेकर पहुंचा। जनसुनवाई में सिवनी मालवा के जीवन सिंह यादव ने गैस एजेंसी की मनमानी को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को गैस बुकिंग कराने और रसीद मिलने के बावजूद उन्हें अब तक सिलेंडर नहीं मिला है। एजेंसी संचालक ने 4-5 दिन में होम डिलीवरी की बात कही थी, लेकिन अब वे किसी दूसरी एजेंसी से टंकी लेने की बात कह रहे हैं। पीड़ित ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई की मांग की है।

## निःशुल्क शाश्वत चिकित्सा शिविर के पहले दिन 125 मरीजों का हुआ उपचार

**जागरण नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जैन धर्मशाला में 2 दिवसीय शास्वत चिकित्सा शिविर मंगलवार को शुरू हुआ। शिविर के पहले दिन 125 मरीजो का उपचार लखनऊ के ख्यातनाम शाश्वत चिकित्सक डॉ स्वामी बाबा भक्ति प्रकाश द्वारा किया गया। डॉ स्वामी भक्ति प्रकाश द्वारा अर्थवेद पर आधारित उपचार पद्धति से विभिन्न प्रकार के दर्दों का निदान सहित अन्य बीमारियों का उपचार किया गया। होली चौक स्थित जैन धर्मशाला में शिविर का शुभारंभ योगेंद्र गिल्ला एवं राकेश जैन ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर के माध्यम से विभिन्न रोग जैसे गर्दन एवं कमर का दर्द, सर्वाइकल, साइटिका, माईग्रेन, आर्थोराइटिस, गेस एवं लीवार सम्बन्धी बीमारियों का उपचार शाश्वत चिकित्सा के माध्यम से किया गया। इस दौरान थैरेपी, डाइट प्लान सहित अन्य परामर्श दिए गए। बुधवार को भी शिविर में मरीजों को उपचार और समाधान दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन हेतु रोटरी क्लब नर्मदापुरम रॉयल के सदस्यों से संपर्क किया जा सकता है। क्लब के सदस्यों ने नागरिकों से शिविर में शामिल होकर चिकित्सा लाभ लेने की बात कही है। कार्यक्रम में रोटरी क्लब नर्मदापुरम रायल के अध्यक्ष अनुपम दुबे, सचिव प्रशांत नागर, प्रदीप गिल्ला, महेश चौकसे, विपिन जैन, मुकेश राजपूत, अंकित गिल्ला, अंतिम जैन, प्रदीप राजपूत सहित रोटरी क्लब के सदस्य एवं गणमान्य जन मौजूद रहे।



## बड़ी बजरिया स्थित सेठ साहब मस्जिद में हुआ रोजा अफ्तार



**जागरण नर्मदापुरम।** रहमतो और बरकतों के माहे मुकद्दस और पवित्र त्यौहार रमजान में बड़ी बजरिया स्थित सेठ साहब वाली मस्जिद में रोजा अफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा अफ्तार में शहर के जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों के साथ तमाम आवाम ने शिरकत की। अफ्तार के दौरान मुफ्ती ए शहर शमीम अख्तर साहब ने शहर के सोहार्द्र और अमन के लिए दुआ की । सभी ने खजूर से अपना रोजा खोला। अफ्तार कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष कपिल फौजदार, फैजान उल हक, चन्द्रगोपाल मलैया, वाहिद सेठ, अनोखी राजोरिया, बीनू बुधोलिया, कमलेश बाथरे, गुलाम हैदर, धर्मेंद्र तिवारी, गुलाम मुस्तफा, अजय सैनी, अनुराग मलैया, रिजवान खान, आशीष दीवान, राजेद्र दोहरे, अमीर उद्दीन, मोहम्मद आमिर, आयुष्मान अवस्थी, सिराज खान, सुरज तिवारी, विजय वर्मा, नूर मोहम्मद, अलमास खान, अफजल सिद्दीी, शेख पप्पू आदि उपस्थित रहे।

## घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते एसडीईएम ने जब्त किए दो सिलेंडर

**जागरण सोहागपुर।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गैस को लेकर स्थानीय प्रशासन अलर्ट है। मंगलवार को एसडीएम प्रियंका भलावी ने सेमरी हरचंद में घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक रूप से उपयोग किए जाने पर दो प्रकरण दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि प्रेम नारायण कुशवाहा द्वारा एचपी गैस के घरेलू सिलेंडर का एवं रजनी कुशवाहा द्वारा भारत गैस के घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग व्यावसायिक रूप से किया जा रहा था। जिसके चलते मौका पंचनामा तैयार कर सुपुर्दगी की कार्यवाही की गई है।

इस दौरान एसडीएम के साथ तहसीलदार राम किशोर झरबड़े भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कमर्शियल गैस सप्लाई बंद होने से कई लोगों के रोजगार प्रभावित हुए हैं। सोहागपुर एसडीएम कार्यालय के सामने ही चाय बेंचकर अपना काम चलाने वाले तीन चार लोगों ने अपनी दुकाने समेट ली है। यह आंकड़ा शहर में और भी बड़ा हो सकता है।

**वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें दुकानदार :** एसडीएम प्रियंका भलावी ने क्षेत्र के लोगों से कमर्शियल गैस सिलेंडर के स्थान पर अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जो गाइडलाइन सरकार एवं शासन द्वारा जारी की गई है उसी के तहत हमारे द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कुछ दुकानदारों ने कमर्शियल गैस के स्थान पर डीजल एवं कोयला भट्टी का सहारा लेना शुरू किया है तो कुछ लोगों ने लकड़ी को ईंधन के रूप में उपयोग कर अपना व्यवसाय सुचारु रखा है।



## पुलिस ने रात तीन बजे टवेरा गाड़ी से पकड़ी अवैध शराब

**जागरण नर्मदापुरम ।** शहर के मीनाक्षी चौक पर मंगलवार तड़के 3 बजे पुलिस ने एक संदिग्ध टवेरा गाड़ी से लगभग 27 हजार रुपए मूल्य की 75 लीटर अवैध शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार मंगलवार रात 3 बजे मीनाक्षी चौक पर पुसि, तो संदिग्ध हालत में खड़ी एक टवेरा गाड़ी क्र. जीजे 18बीएफ 7820 संदिग्ध हालत में तीन युवक बैठे मिले जिन्हें देखकर एसआई महेश जाट, आरक्षक अजय मदकोरिया और सतीश ने पूछताछ की तो तीनों घबरा गए। संदेह होने पर पुलिस टीम ने टवेरा गाड़ी की जांच की। गाड़ी के पीछे 6 पेटी शराब रखी मिली, जिसमें 24 केन बियर और देशी शराब शामिल थी। पुलिस ने जब शराब के संबंध में दस्तावेज मांगे तो वे कागज पेश नहीं कर सके। पुलिस तीनों आरोपियों और गाड़ी को थाने ले आई और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में पुरानी पापन निवासी विनोद पिता लखनलाल कीर, दीपक सिंह कीर एवं नई पापन थाना शिवपुर निवासी सुभाष पिता रमेश कीर शामिल हैं। पुलिस ने शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही 3 लाख रुपए कीमत की टवेरा गाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

## आंगन में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

**जागरण नर्मदापुरम ।** शहर के आदमगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह 8 बजे एक मकान के आंगन में एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। जानकारी अनुसार मंगलवार सुबह 8 बजे मकान मालिक बद्री प्रसाद शुक्ला सोकर उठे और अपने घर के पीछे आंगन में पहुंचे तो वहां एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उन्होंने घबराकर तुरंत पुलिस व पड़ोसियों को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना से एसआई विशाल नागवे और प्रधान आरक्षक चेतन मालवीय पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान गोरेगांव, तहसील आमला, जिला बैतूल निवास हीराचंद पिता रामलाल जावरकर के रूप में हुई। आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की सूचना दे दी है। पुलिस को घटना स्थल पर सुसाइड नोट जैसा कुछ नहीं मिला है।

## सिटी मजिस्ट्रेट ने ली होटल,गार्डन एवं रेस्टारेंट संचालकों की बैठक



**जागरण नर्मदापुरम।** कलेक्टर के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा नगरपालिका सभाकक्ष में रेस्टारेंट, होटल और गार्डन संचालकों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, सीएमअ हेमेश्वरी पटले, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी सहित गार्डन, रेस्टारेंट और होटल संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यालय अधीक्षक श्री सोनी ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट श्री सिंह द्वारा रेस्टारेंट, होटल और गार्डन संचालकों को निर्देश दिए गए कि किसी भी परिस्थिति में घरेलू गैस टंकी का उपयोग न करें। इसके स्थान पर अन्य वैकल्पिक जैसे लकड़ी या फिर कोयले की भट्टी का उपयोग करें। बैठक के दौरान उन्होंने रेस्टारेंट, होटल और गार्डन संचालकों से सुझाव भी लिए। रेस्टारेंट संचालकों ने अपने अपने स्तर पर सुझाव भी दिए और प्रशासन को सहयोग करने की बात कही।

## नरवाई प्रबंधन को लेकर प्रशासन सख्त, संवेदनशील गांवों का दौरा कर किसानों को दी गई समझाइश

**जागरण सिवनी मालवा।** तहसील क्षेत्र में नरवाई प्रबंधन को लेकर व्यापक कार्ययोजना का प्रभावी क्रियान्वयन शुरू कर दिया गया है। प्रशासन द्वारा तहसील के प्रत्येक गांव में ग्राम स्तरीय नरवाई प्रबंधन दल का गठन किया गया है, जिसमें कृषि, राजस्व और पंचायत विभाग से जुड़े कर्मचारियों एवं मैदानी अमले की जिम्मेदारियां तय की गई हैं, ताकि फसल अवशेषों के वैज्ञानिक एवं सुरक्षित प्रबंधन को सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर नरवाई प्रबंधन रजिस्टर संधारित किए जा रहे हैं, वहीं अनुविभागीय स्तर पर विशेष निगरानी दल का गठन भी किया गया है, जो लगातार क्षेत्र में सक्रिय रहकर नरवाई जलाने की घटनाओं पर नजर बनाए हुए है। इसी कड़ी में एसडीएम द्वारा तहसील के विभिन्न संवेदनशील गांवों का सघन भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम रावनपीपल, भरलाय तथा ग्राम पंचायत तिनस्या अंतर्गत ग्राम बेरखेड़ी में खेतों पर पहुंचकर नरवाई अवशेषों के भूसा मशीन के माध्यम से सुरक्षित प्रबंधन की व्यवस्था का जायजा लिया गया और मौके पर इसकी सुनिश्चितता कराई गई। भ्रमण के दौरान किसानों एवं ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें नरवाई जलाने से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नरवाई जलाने से केवल पर्यावरण प्रदूषण और वायु गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि भूमि की ऊपरी सतह में मौजूद सूक्ष्म जीव, मित्र कीट तथा पोषक तत्व भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है और भविष्य में उत्पादन पर भी असर पड़ सकता है। किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से फसल अवशेष प्रबंधन अपनाने की सलाह दी गई।



**प्रशिक्षण** | भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम नगर मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

# भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान में गूंजा संगठन का मंत्र

**जागरण नर्मदापुरम।** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम नगर मंडल के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ मंगलवार को स्वयंवरम गार्डन में हुआ। मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे ने बताया की प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस 6 सत्र हुए। उद्घाटन सत्र में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कार्य पद्धति विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष नीतू यादव ने की। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता मुकेश चंद्र मैना ने सोशल मीडिया, एआई, नमो एप और सरल एप संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता प्रसन्ना हर्णे ने की। वहीं तृतीय सत्र के वक्ता जिला उपाध्यक्ष लोकेश तिवारी ने भाजपा का इतिहास और विकास के बारे में बताया एवं सत्र की अध्यक्षता नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने की। चतुर्थ सत्र के वक्ता राममोहन राजपूत एवं सत्र की अध्यक्षता शंभू सोनकिया ने की। वहीं पंचम सत्र के वक्ता रघुवीर सिंह राजपूत ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात पर संबोधित किया। सत्र की अध्यक्षता मोनिका चौकसे ने की। षष्टम सत्र में केन्द्र सरकार की योजनाओं पर वक्ता सुरेश पटेल एवं अध्यक्षता योगेश मोहन सेठा ने की। प्रशिक्षण वर्ग के प्रभारी चरणजीत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के उदघाटन सत्र में गोविंद राय, अमित महाला, अर्चना पुरोहित, वर्ग नियंत्रक अजय श्रीवास्तव, गजेन्द्र चौहान, राहुल ठाकुर, राहुल पटवा, सत्यनारायण तिवारी, पूरम मेषकर, ज्योति डेहरिया, ज्योति रायकवार, महेश बावरिया विकास राठौर, सौरभ सूर्य, चमनपुरी गोस्वामी, मनीष शर्मा, ज्योति केवट, डॉ. विमल गोस्वामी, दौलत यादव, बिंदिया मांझी, नयना सोनी, गणेश बावरिया, गणेश यादव, अनुजा मिश्रा, अर्पित मालवीय, नरेन्द्र तिवारी, पप्पू चौकसे, आशुतोष शर्मा, प्रणव चौकसे, सुरेन्द्र परमार, बीनू बुधोलिया, नानकराम कदम, अंकित साहू, अर्पित सोनी, हिना अली, श्यामू पटेल सहित मंडल के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन मंडल महामंत्री महेश बावरिया एवं विकास राठौर ने किया।





!! प्रथम पुण्यस्मरण !!

"स्मृतिशेष"

"महान शिक्षाविद"



स्व. श्री सत्येन्द्र प्रसन्नसिंह जी यादव

(पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी होशंगाबाद)

स्वर्गवास 17/03/2025

आपका स्नेह, आपकी सीख और आपका साथ हमारे जीवन की सबसे अनमोल धरोहर है। हमारी हर उपलब्धि, हर सफलता आपके आशीर्वाद से है। आप सदा हमारे हृदय और स्मृतियों में हैं।

श्रद्धा एवं भावभीनी स्मृति के साथ प्रथम पुण्यतिथि पर नमन।

श्रद्धानवत : श्रीमती हीरा यादव (पत्नी), श्रीमती किरण यादव-श्री सुधीर यादव, श्रीमती शुचिता यादव-श्री भारत यादव, श्रीमती सरिता यादव-श्री रमेश यादव (पुत्री-दामाद), शालिनी यादव-शलेष यादव, शुभा यादव-सिद्धार्थ यादव (पुत्रवधू-पुत्र), ऋषिक यादव,समर्थ यादव, अक्षिता यादव, शौर्य यादव (पोता-पोती) एवं समस्त यादव परिवार और ग्रामवासी आँखमऊ .

इन्फ्रास्ट्रक्चर

- वृंदावन वेयर हाउस
- राधे कृष्ण वेयर हाउस
- प्रसन्न सोलर प्लांट
- रश अप स्पोर्ट्स एरीना (टर्फ)
- माखन नगर नर्मदापुरम (होशंगाबाद)

## न्यूज कार्नर

### एकतरफा प्यार में युवक ने खुद को चाकू मारा

**बैतूल जागरण।** बैतूल जिले के घोड़ाडोंगरी क्षेत्र में एकतरफा प्यार में आहत होकर एक युवक ने खुद को चाकू मार लिया। गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, घोड़ाडोंगरी निवासी 26 वर्षीय राकेश कुमार एक होटल में काम करता है। मंगलवार सुबह उसने अपने पेट पर चाकू से दो वार किए। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह मानसिक तनाव में था। परिजनों ने गंभीर हालत में राकेश को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया।जिला अस्पताल में इलाज के दौरान युवक की स्थिति नाजुक बनी रही। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए भोपाल रेफर कर दिया। फिलहाल उसका इलाज भोपाल में जारी है। घायल युवक ने बताया कि वह एक युवती से प्रेम करता था। युवती ने पहले उसके प्रेम प्रस्ताव को स्वीकार किया था, लेकिन बाद में इनकार कर दिया। इसी बात से आहत होकर उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### नर्मदापुरम में युवक ने लगाई फांसी

**बैतूल।** नर्मदापुरम के आदमगढ़ क्षेत्र में मंगलवार सुबह 8 बजे एक मकान के आंगन में बैतूल निवासी 33 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला, जिसके बाद पुलिस ने आधार कार्ड से उसकी पहचान कर मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। मंगलवार सुबह 8 बजे मकान मालिक बद्री प्रसाद शुक्ला सोकर उठने के बाद अपने घर के पीछे के आंगन में पहुंचे। वहां उन्होंने एक अनजान युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा और घबराकर तुरंत पुलिस व पड़ोसियों को सूचना दी। जिस मकान परिसर में युवक का शव मिला है, उस मकान मालिक से मृतक की कोई जान-पहचान नहीं है।

### ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे ट्रेक पर एक व्यक्ति का शव मिला है। 15 मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे रेलवे ट्रेक के खंभा नंबर केएम 1048/02 एवं 1048/04 के बीच शव मिला था। मृतक की उम्र करीब 50.55 साल है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

### मारपीट से तंग आकर लटकी थी फांसी पर

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरिया में एक महिला ने बीती 15 मार्च को अपनी टपरिया में फंद्दा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस ने जांच की तो सामने आया है कि मृतिका ने अपने पति की प्रताडऩा से तंग आकर फांसी लगाई थीए जिसके बाद मृतिका के पति पर बीएनएस की धारा 85 और 108 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। 32 वर्षीय मृतिका कलावती निवासी बहेरिया बांसखेड़ी को उसका पति जगदीश आदिवासी अक्सर शराब पीकर मारपीट करता था। घटना दिनांक को भी आरोपी ने लड़ाई झगड़ा किया और पत्नि के साथ मारपीट कर दी। मारपीट से प्रताड़ित होने पर कलावती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

### मोटरसाइकिल चोरी

**अशोकनगर।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले करीला मेला परिसर से एक व्यक्ति की मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। दीपक पुत्र राजाराम यादव निवासी मंडीदीप रायसेन ने बहादुरपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर मैं करीला मेला में गया था जहां बामौरीशाला रोड पहाड़ी के नीचे मैंने अपनी बाइक रख दी थीए जहां से अज्ञात आरोपियों ने मोटरसाइकिल चोरी कर ली है।

### पीछे से मारी टक्कर, पति-पत्नी और बच्चे घायल

**अशोकनगर।** नारायण पेट्रोलपंप के सामने एक बाइक ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक दंपत्ति और उनके दो बच्चे घायल हो गए हैं। दुर्घटना 11 मार्च की रात करीब साढ़े दस बजे की है। घायल अरुण अहिरवार ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात बाइक चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे मेरी पत्नि कीर्ति, बच्ची अनुष्का और बच्चा उमेश घायल हो गए हैं।

पुलिस ने बीएनएस और मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# पानी के लिए ग्रामीणों ने दो घंटे बैतूल-अमरावती हाईवे को रोका

## जलसंकट को लेकर कोई समाधान नहीं तो होगा उग्र आंदोलन






**बैतूल जागरण।** बैतूल-अमरावती स्टेट हाईवे पर मंगलवार को भैंसदेही विकासखंड की विजयग्राम पंचायत के नीमढाना गांव के ग्रामीणों ने पेयजल और सड़क निर्माण की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचकर समझाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नीमढाना गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है और दैनिक जरूरतों के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है। पानी के अलावा गांव की सड़कें भी बेहद खराब हालत में हैं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने इन समस्याओं को लेकर कई बार पंचायत और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। ग्रामीणों ने सरपंच और सचिव पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा है कि पंचायत कार्यालय में अक्सर ताला लगा रहता है और शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसी नाराजगी के चलते कुछ दिन पहले ग्रामीण ट्रैक्टरों में भरकर झल्लार थाने पहुंचे थे और थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा था। थाने में दिए गए इसी आवेदन में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर 17 मार्च को चक्काजाम करने की चेतावनी दी थी। चेतावनी के बाद प्रशासन ने गांव में एक बोरवेल करवाया था, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि यह पर्याप्त नहीं है और पानी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है। अब ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग पर भी अड़े हुए हैं और मंगलवार को बड़ी संख्या में विजयग्राम बस स्टैंड पर इकट्ठा होकर हाईवे पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और स्पष्ट किया कि पानी और सड़क का स्थायी समाधान नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा।



## विधानसभा अध्यक्ष बैतूल पहुंचे सुरभि को दी श्रद्धांजलि

**बैतूल/ जागरण ।**

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मंगलवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल की दिवंगत पुत्री सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने चंद्रमौली स्थित खंडेलवाल निवास पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। तोमर ने हेमंत खंडेलवाल से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने सुरभि खंडेलवाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सुरभि खंडेलवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि बैतूल में लगातार वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इससे पहले सोमवार को कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य नेताओं ने खंडेलवाल निवास पहुंचकर संवेदना व्यक्त की थी। रविवार को डॉ. मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान और जगदीश देवड़ा भी बैतूल पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर चुके हैं।

## नन्हीं बच्चियों की इबादत ने जीता दिल, कम उम्र में पूरा किया रोजा



**बैतूल/ जागरण।** रमजान के पाक महीने में जहां बड़े-बुजुर्ग इबादत में लगे हैं, वहीं छोटी उम्र के बच्चों में भी रोजे के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। शहर की नन्हीं बच्चियों अश्मीरा फातिमा 7 वर्ष, इलमा फातिमा 5 वर्ष और अनबिया फातिमा 4 वर्ष ने रोजा रखकर सभी को प्रभावित किया। यह तीनों सगी बहनों ने पूरे उत्साह के साथ रोजा रखा और दिनभर इबादत में समय बिताया। बच्चियों ने बताया कि उन्होंने रोजा रखकर सभी धर्मों के लोगों के लिए अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। तीनों बच्चियां भीम आर्मी सह संयोजक नर्मदापुरम अलीमुद्दीन के छोटे भाई सलीमुद्दीन की बेटियां हैं। परिवार में धार्मिक माहौल के बीच बच्चियों ने छोटी उम्र में ही रोजे की अहमियत को समझते हुए इसे निभाया। परिजनों के अनुसार तीनों बच्चियों ने बिना किसी कठिनाई के रोजा पूरा किया और पूरे दिन सब्र और अनुशासन के साथ रहीं। इतनी कम उम्र में रोजा रखने की उनकी लगन ने परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी प्रभावित किया। उल्लेखनीय है कि रमजान में रोजा इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक माना जाता है, जो आत्मसंयम, सब्र और इबादत का संदेश देता है। कम उम्र में बच्चों का इस तरह रोजे के प्रति समर्पण परिवार में मिल रहे संस्कारों और धार्मिक माहौल को दर्शाता है।

## बैतूल की बेटी प्रज्ञा सूर्यवंशी ने राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में बढ़ाया जिले का मान



**बैतूल जागरण।** मुलताई की रहने वाली कॉर्पोरेट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स (कॉर्पोरेट कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज) की छात्रा प्रज्ञा सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के 23वें राज्य स्तरीय शिविर 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बैतूल का नाम रोशन किया। मध्यप्रदेश के चित्रकूट में 8 से 14 मार्च तक आयोजित इस शिविर में प्रदेशभर से चयनित स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसमें भोपाल संभाग से चयनित प्रज्ञा ने अनुशासन, सेवा भावना और सक्रिय सहभागिता के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शिविर के दौरान सामाजिक, सांस्कृतिक एवं नेतृत्व विकास से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिनमें प्रज्ञा ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर से लौटने पर भोपाल स्थित संस्थान में उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर डॉ. भरत किशोर गुप्ता, डीन (एडमिन) डॉ. प्रशांत गुरुदेव एवं सीसीपीएस प्राचार्य डॉ. मनोज विश्वकर्मा ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही एनएसएस कार्यसमिति के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकुर वर्मा, प्रो. आयुषी कापसे, प्रो. रोहन राजपूत, प्रो. निधि शुक्ला एवं राजीव कुमार ने भी प्रज्ञा को शुभकामनाएं देते हुए इसे संस्थान और बैतूल जिले के लिए गर्व का विषय बताया।

# गैस की किल्लत शुरु होते ही दोगुनी हुई मांग

## बुकिंग दो हजार की तो आपूर्ति में मिल रहे एक हजार सिलेंडर

**जागरण अशोकनगर।** मध्य एशिया में छिड़े युद्ध के बाद पेट्रोलियम पदार्थों की कमी आने की अफ्वाह के बाद जिले में प्रतिदिन होने वाली एलपीजी की बुकिंग दोगुनी हो गई है। आलम यह है कि उपभोक्ता आवष्यकता के बजाय अतिरिक्त एलपीजी की व्यवस्था करने के लिए एजेंसियों पर पहुंच रहे हैं।

जिले में संचालित 15 गैस एजेंसियों पर पंद्रह दिन पहले जहां प्रतिदिन 1200 से 1400 सिलेंडर बिकते थे, अब 2000 से 2200 सिलेंडर बिक रहे हैं। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग का दावा है कि पंद्रह दिन पहले जो आपूर्ति जिले में हो रही थी, वही मौजूदा समय में हो रही है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि प्रतिदिन 342 सिलेंडरों की क्षमता वाली 3 से 4 गाड़ियां गुना स्थित प्लांट से जिले में आ रही हैं। फ्रि भी गैस सिलेंडर न मिलने की शिकायतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

**सीएम हेल्पलाईन शिकायतों में चौगुनी वृद्धि:** गैस की किल्लत की अफवाह चलने के बाद उपभोक्ताओं में सिलेंडरों के लिए इतनी मारामारी है कि प्रशासन की तमाम अपीलों के बाद भी गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं का जमावड़ा लग रहा है। उपभोक्ताओं द्वारा सिलेंडर न मिलने के बाद शिकायतें भी की जा रही हैं। पंद्रह दिन पहले जहां विभाग के पास माहवार औसतन 15 से 20 शिकायतें सीएम हेल्पलाईन पर आती थीं, अब उनका औसत 80 से 100 प्रति माह हो गया है। शिकायतों में बड़ी संख्या सिलेंडर न मिलने की है।



**कुल उपभोक्ताओं में 80 प्रतिशत उज्जवला कनेक्शन:** बताया गया है कि जिले में कार्यरत कुल 15 गैस एजेंसियों पर कुल 177761 घरेलू कनेक्शन हैं। इनमें 141000 कनेक्शन उज्जवला योजना के तहत दिए गए हैं। उज्जवला योजना के तहत दिए गए कनेक्शनों में से करीब 50 प्रतिशत कनेक्शन लंबे समय से निष्क्रिय थे किंतु जैसे ही गैस की किल्लत की अफवाह चली तो इन कनेक्शनों से भी बुकिंग आने लगी है। विभाग का मानना है कि कालाबाजारी की जड़ में यही कनेक्शन हैं।

**अब तक 15 अवैध सिलेंडर जब्त:** राजस्व विभाग के साथ खाद्य विभाग द्वारा जिले भर में घरेलु सिलेंडर के अवैध इस्तेमाल पर कार्रवाई की जाने लगी हैं। बीते तीन दिनों में चारों विकासखंडों में कार्रवाई की गई हैं। इस दौरान कुल 15 सिलेंडर जब्त हुए हैं। इनमें से अशोकनगर में 4, चंदेरी में 6, ईसागढ़ में 3 और मुंगावली में 2 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

**इनका कहना है...**

हमारी उपभोक्ताओं से अपील है कि ऑनलाईन या फोन के माध्यम से बुकिंग करें, थोड़ा सा सब्र करें। सभी को गैस की आपूर्ति होगी। किसी की बातों में न आएं, अफवाहों पर ध्यान न दें।

**-प्राची शर्मा, प्रभारी जिला अधिकारी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, अशोकनगर**

## प्रियदर्शिनी राजे करेंगी महिला सम्मेलन में शिरकत



**जागरण अशोकनगर।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की धर्मपत्नी प्रियदर्शिनी राजे सिंधिया बुधवार को एक दिवसीय प्रवास पर अशोकनगर पहुंचेंगी। इस दौरान वे स्टेशन के पास स्थित एक निजी पैलेस में आयोजित महिला सम्मेलन में मुख्य रूप से सहभागिता करेंगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला सम्मेलन को सफल एवं भव्य बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महारानी के नगर आगमन पर उनके भव्य स्वागत की तैयारियों पर भी विशेष रूप से विचार.विमर्श किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, स्वागत व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर चर्चा हुई। साथ ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि आयोजन सुव्यवस्थित एवं सफ्लतापूर्वक संपन्न हो सके। इस दौरान भाजपा जिला पदाधिकारी, महिला मोर्चा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण व जनप्रतिनिधिगण सहित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण: ग्राम विकास को लेकर जागरूकता बढ़ाने पर जोर



**जागरण ईसागढ़।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के लिए क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेक्टर-3 ढाकोनी आनंदपुर में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-3 श्री सिद्ध बाबा सोधना प्रचार-प्रसार समिति,शंकरपुर के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देना तथा समितियों को सशक्त बनाकर उन्हें ग्राम विकास की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां गांव के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनके माध्यम से शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को जैविक खेती को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण, पोषण वाटिका निर्माण, स्वच्छता एवं जनजागरूकता जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम बद्री प्रसाद चौहान के निर्देशानुसार एवं द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर उन्हें अपने-अपने गांवों में लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्षेत्र की शिक्षिकाओं, नर्सों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिला समाजसेवियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस पहल की सभी उपस्थितजनों ने सराहना की और महिलाओं के योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन दिनेश सेन, सचिव नामांकुर समिति एवं श्री सिद्ध बाबा सोधना प्रचार-प्रसार समिति द्वारा प्रभावी रूप से किया गया। कार्यक्रम में नगर विकास समिति के अध्यक्ष अमित गोस्वामी सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, नामांकुर संस्था के सदस्य एवं सखियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## स्टेट बैंक के बाहर लगता है वाहनों का जमावड़ा, जाम से लोग परेशान



### यातायात पुलिस और नपा प्रशासन द्वारा कई बार दिए जा चुके हैं नोटिस

**जागरण अशोकनगर।** शहर के स्टेशन रोड पर स्टेट बैंक वाली गली में सुबह से शाम तक जाम की स्थिति रहती है इसकी सबसे प्रमुख वजह यह है कि एसबीआई बैंक खुलने के दौरान बड़ी संख्या में बैंक के ग्राहक बैंकिंग कार्य से एसबीआई कार्यालय में आते हैं और अपने वाहन बैंक के बाहर गली में खड़े कर देते हैं जिससे गली में जाम की स्थिति बन जाती है।

सिंगल, दुपहिया वाहन और पैदल चलने वाले लोग भी जाम के कारण यहां से निकलने में परेशानी महसूस करते हैं। उल्लेखनीय है कि इस गली में ज्वैलर्स एवं कपड़ों की भी बड़ी दुकानें हैं जहां बड़ी संख्या में ग्राहक आते हैं। जाम के कारण ग्राहकों को भी परेशानी होती है। सबसे ज्यादा परेशानी शादी-विवाह के सीजन में आती है स्टेट बैंक वाली गली में जाम की यह समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है लेकिन इसके समाधान के लिए कोई उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है।

**बैंक के पास नहीं पार्किंग व्यवस्था:** स्टेट बैंक ग्राहकों के भरोसे के मामले में काफी पसंदीदा बैंक है इस कारण इस बैंक में बड़ी संख्या में लोगों के खाते हैं यही कारण है कि बैंक में रोज सैकड़ों की संख्या में ग्राहक आते हैं। बैंक में प्रवेश का जो मुख्य दरवाजा है वह इसी गली में है यही कारण है कि ग्राहक गली में लाकर ही अपने वाहन खड़े करते हैं बैंक के पास अपनी पार्किंग व्यवस्था नहीं है इस कारण ग्राहकों को मजबूरी में गली में वाहन खड़े करने पड़ते हैं। पूर्व में यातायात पुलिस द्वारा बैंक प्रबंधन को पार्किंग हेतु नोटिस दिए गए हैं लेकिन बैंक प्रबंधन इसको लेकर गंभीर नजर नहीं आता है।

## नपा में हुई जलप्रदाय शाखा की बैठक, अध्यक्ष ने दिए निर्देश



**जागरण अशोकनगर।** मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष नीरज मनोरिया ने जलप्रदाय शाखा की बैठक ली। बैठक में आगामी ग्रीष्मकाल में पेयजल सप्लाई से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई एवं जरूरी निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान श्री मानोरिया ने कहा कि शहर की सडकों पर गड्ढे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे निरंतर नगर भ्रमण करें और यदि कहीं भी रोड पर कोई गड्ढा खुदा दिखे तो तुरंत संबंधित इंजीनियर को सूचित करें। उन्होंने जोर दिया कि फेरुल के नाम पर बेवजह खुदाई न की जाए जिससे जनता को आवागमन में परेशानी न हो। आगामी गर्मी को देखते हुए अध्यक्ष ने कहा कि पाइपलाइन में कहीं भी लीकेज नहीं रहना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लीकेज को तत्काल चिन्हित कर बंद किया जाए।

जिन क्षेत्रों में नलों से गंदा पानी आने की शिकायत है वहां तुरंत गड्ढा खोदकर फेरुल और पाइपलाइन की जांच की जाए। यदि पाइप लाइन कहीं से क्षतिग्रस्त है तो उसे तुरंत सुधारा जाए ताकि शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। बैठक में वरिष्ठ पार्षद महेन्द्र भारद्वाज, सीएमओ विनोद उन्नीतान, सब इंजीनियर भानु कुशवाह, शिवकुमार,आयुष वर्मा, गौरव ठाकुर सहित जलप्रदाय शाखा का स्टाफ मौजूद रहा।

### 36 विकास कार्यों का लोकार्पण और पांच नए प्रोजेक्ट्स का करेंगे भूमिपूजन

# सीएम डॉ. यादव आज देंगे जिले को 232 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

## हरदा में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**जागरण, हरदा।** जिले के लिए बुधवार 18 मार्च का दिन ऐतिहासिक होने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जिला मुख्यालय स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कृषि आधारित कौशल विकास और कस्टम हायरिंग पर केंद्रित इस भव्य आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री जिले को लगभग 232 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात देंगे।



## लाभार्थियों को मंच से हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा

मुख्यमंत्री के इस प्रवास के दौरान जिले में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। डॉ यादव 199.79 करोड़ रुपये की लागत से पूर्ण हो चुके 36 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित करेंगे। साथ ही 32.48 करोड़ रुपये की लागत वाले 5 नवीन कार्यों का भूमि पूजन कर जिले की प्रगति को नई रफ्तार देंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मंच से हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।

## इन प्रमुख कार्यों का किया जाएगा भूमि पूजन

खिरकिया में 14.99 करोड़ की लागत से बनने वाला शासकीय महाविद्यालय भवन। मसनगांव-कमताड़ा-सिराली मार्ग पर माचक नदी पर 14.20 करोड़ का बड़ा पुल एवं पहुंच मार्ग। टिमरनी के आलमपुर में 2.53 करोड़ का नया 33/11 केवी उपकेंद्र। नीमगांव और कोलीपुरा में नवीन ग्राम पंचायत भवनों का निर्माण।

## इन बड़ी उपलब्धियों का होगा लोकार्पण

लोकार्पण की सूची में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को सबसे बड़ी प्राथमिकता मिली है। जिला अस्पताल हरदा का 100 से 200 बेड में उन्नयन और क्रिटिकल केयर ब्लॉक का निर्माण लागत 33.63 करोड़। इसके साथ ही चन्द्रखाल, मगरधा और मसनगांव में नए स्वास्थ्य केंद्र।

खिरकिया, अबगांवकला और करताना में निर्मित भव्य शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवनों का उद्घाटन कुल लागत लगभग 107 करोड़। हंडिया से अबगांव खुर्द 20 किमी और चारूवा से जुनापानी मार्ग सहित सुकमा, सयानी व मटकुल नदियों पर बने पुलों का उद्घाटन। बरकला, लोटिया, हीरापुर और नयापुरा में नवनिर्मित नल-जल योजनाएं।

## प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

नेहरू स्टेडियम में होने वाले इस राज्य स्तरीय आयोजन के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां की हैं। कृषि क्षेत्र में नवाचार और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में जिले भर से हजारों किसानों के जुटने की संभावना है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और भाजपा कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### आजादी के बाद पहली बार आदिवासी क्षेत्र में मिलेगा थ्री-फेज कनेक्शन

# 94 गांवों में मिटेगा अंधेरा, 37 करोड़ रुपए की बिजली परियोजना को मिली मंजूरी

**जागरण, हरदा।** टिमरनी विधानसभा क्षेत्र के वनग्रामों के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। विधायक अभिजीत शाह ने हरदा में एक प्रेसवार्ता के दौरान घोषणा की कि क्षेत्र के 94 गांवों को आजादी के बाद पहली बार थ्री-फेज बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। 37 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के स्वीकृत होने का दावा करते हुए विधायक ने इसे अपनी विधानसभा में उठाई गई आवाज और प्रयासों का परिणाम बताया।



## फीडर सेग्रीगेशन से सुधरेगी बिजली व्यवस्था

विधायक शाह ने बताया कि इस परियोजना के तहत फीडर सेग्रीगेशन का कार्य किया जाएगा, जिससे घरेलू और कृषि कार्यों के लिए अलग-अलग बिजली आपूर्ति संभव होगी। दो साल के भीतर पूरे होने वाले इस कार्य में लगभग 217 किलोमीटर नई बिजली लाइनें बिछाई जाएंगी और 40 से 60 नए ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाएंगे। विधायक के अनुसार वर्ष 2010 से शुरू हुआ यह कार्य 2019 तक पूरे देश में खत्म हो गया था, लेकिन टिमरनी के ये 94 गांव अब तक उपेक्षित थे, जहाँ लोग एक बल्ब जलाने को भी तरस रहे थे।

## पूर्व विधायक के श्रेय पर गरमाया माहौल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हरदा आगमन से ठीक पहले जिले में राजनीतिक पारा चढ़ गया है। विधायक शाह ने पूर्व विधायक संजय शाह पर इस कार्य का झूठा श्रेय लेने का आरोप लगाया। उन्होंने मीडिया के सामने विधानसभा में पूछे गए प्रश्नों के दस्तावेज पेश करते हुए कहा, लोकार्पण के पत्थरों पर उन लोगों के नाम नहीं होने चाहिए, जिन्होंने 15 साल सत्ता में रहते हुए इन आदिवासियों की सुध नहीं ली। उन्होंने पूर्व विधायक के समर्थकों पर गांवों की बिजली लाइन के तार तोड़ने का सनसनीखेज आरोप भी लगाया और इसका एक वीडियो भी मीडिया को दिखाया।

## मातृ पार्टी से कभी गद्दारी नहीं कर सकता

पिछले कई दिनों से विधायक अभिजीत शाह के भाजपा में शामिल होने की चल रही अटकलों पर उन्होंने पूरी तरह विराम लगा दिया। भावुक होते हुए विधायक ने कहा मेरे पिता मेरे राजनीतिक गुरु थे। वे बोन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, लेकिन उन्होंने मरते दम तक कांग्रेस का साथ नहीं छोड़ा। उनका बेटा अपनी मातृ पार्टी से कभी गद्दारी नहीं कर सकता। इस बयान के साथ ही उन्होंने भाजपा में जाने की चर्चाओं को निराधार बताया।

## बदनाम करने बिजली के तार काटे जा रहे

विधायक ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक यह बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं कि विपक्षी दल का विधायक होने के बावजूद यह बड़ी उपलब्धि कैसे हासिल हुई। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में बाधा डालने के लिए जानबूझकर बिजली के तार काटे जा रहे हैं, ताकि जनता के बीच वर्तमान विधायक की छवि खराब की जा सके।

# खेत में सो रहे युवक पर चढ़ा ट्रैक्टर, भाई ने लगाया जानबूझकर मारने का आरोप

**जागरण, हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम सोहागपुर में बीती रात ट्रैक्टर की चपेट में आने से 35 वर्षीय राहुल मालवीय की मौत का मामला अब विवादों में घिर गया है। जहाँ एक ओर ट्रैक्टर चालक इसे अंधेरे के कारण हुआ हादसा बता रहा है, वहीं मृतक के भाई ने खेत मालिक पर जानबूझकर ट्रैक्टर चढाने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है। ट्रैक्टर चालक शिवम कानवा के अनुसार वह रात के समय खेत में बखराई कर रहा था। शिवम का दावा है कि राहुल नशे की हालत में खेत की झाडियों के बीच सो रहा था। अंधेरा होने के कारण उसे वहां किसी की मौजूदगी का अहसास नहीं हुआ और धोखे से ट्रैक्टर राहुल के ऊपर चढ गया। हादसे के बाद शिवम और उसके परिजन खुद घायल राहुल को निजी अस्पताल लेकर गए थे। इधर मृतक के छोटे भाई रोहित मालवीय ने इस घटना को सोची-समझी साजिश करार दिया है। रोहित का कहना है कि दो-तीन दिन पहले खेत मालिकों और राहुल के बीच हिसाब-किताब को लेकर बात हुई थी। राहुल ने अपनी दादी को बताया था कि उसे एक हजार रुपये एडवांस देकर वापस काम पर बुलाया गया है। रोहित ने आरोप लगाया कि उसके भाई पर जानबूझकर ट्रैक्टर चढाया गया है। हालांकि उसने किसी पुरानी रंजिश या सीधे विवाद से इनकार किया है, लेकिन घटना के समय और परिस्थितियों पर सवाल उठाए हैं। मृतक राहुल दो भाइयों में बडा था।

# काले झंडे दिखा कर मुख्यमंत्री का विरोध किया जाएगा: मोहन साई



**जागरण, हरदा।** आज जिले का किसान त्रस्त है और प्रदेश के मुख्यमंत्री किसान सम्मेलन कर रहे हैं, किस खुशी में, ये समझ से परे है। किसानों को उनकी उपज का सही दाम नहीं मिल रहा है, ओने-पौने दाम पर किसान मंडियों में सरकार के संरक्षण में लुटा जा रहा है। 2700 रुपए प्रति क्विंटल का गेहूं 2000 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा है, 2400 रुपए प्रति क्विंटल की मक्का 1300 रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है, रायड़ा 6200 रुपए प्रति क्विंटल का 5500 रुपए प्रति क्विंटल बिक रहा है, किसान बेहद परेशान है। महंगाई बेहतशा बढ़ गई है और सरकार किसानों के नाम पर बडवानी में कृषि केबिनेट करती है, करोड़ों रुपए बर्बाद करती हैं, और किसानों को कुछ नहीं मिलता। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई ने उक्त आशय के आरोप लगाते हुए कहा कि इसका पूर्णरूप से बहिष्कार किया जाएगा। आज दर्जनों गांव जा कर किसानों से संपर्क किया गया, सभी किसानों ने समर्थन दिया है। उन्होने कहा काले झंडे दिखा कर मुख्यमंत्री का विरोध किया जाएगा। ये सरकार किसान विरोधी है। आज गांवों में जनसंपर्क में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव गोविंद सिंह सुरमा, जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह राजपूत, खिरकिया नगर अध्यक्ष आशुतोष कोठारी, रविन्द्र बिश्नोई, लोकेश जायसवाल, प्रेरक सारण, सतीश भादू सहित अन्य साथी शामिल थे।




